प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 30.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की; रिम्स–2 और मिनी सचिवालय को समयबद्ध व मरीज–हितैषी बनाने के दिए निर्देश।
2. पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में भीषण मुठभेड़; सुरक्षाबलों ने एक लाख के इनामी नक्सली इसराइल पूर्ति को किया ढेर।
3. बोकारो ट्रेजरी घोटाला मामले में सीआईडी की बड़ी कार्रवाई; एएसआई अशोक भंडारी गिरफ्तार, 50 लाख के अवैध लेनदेन का खुलासा।
4. रांची और आसपास के क्षेत्रों में आज आंधी–बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट; खराब मौसम से विमानों का परिचालन प्रभावित।
5. रांची में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता बॉक्सिंग लीग का शुभारंभ; महिला मुक्केबाजों को ओलंपिक स्तर के लिए तैयार करने पर जोर।

**************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में स्वास्थ्य और शहरी विकास की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने रिम्स–2 परियोजना को अत्याधुनिक और मरीज–हितैषी बनाने के निर्देश देते हुए मिनी सचिवालय का काम समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, पर्यटन स्थलों के समग्र विकास और ई–ऑक्शन के माध्यम से राजस्व बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

**************************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पश्चिम बंगाल एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। रांची में उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने विकास और सुरक्षा के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई का दिन बंगाल के लिए शुभ होगा और चुनाव परिणाम विकास की नई दिशा तय करेंगे।

**************************

राज्य में सत्ता की साझीदार कांग्रेस पार्टी ने अब जनसरोकार के मुद्दों पर अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर होने की रणनीति बनाई है। प्रदेश प्रभारी के. राजू ने स्पष्ट कहा है कि शासन में होने के बावजूद आम जनता की समस्याओं का समाधान सबसे ऊपर है।

इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने इसे जनता को भ्रमित करने वाला कदम बताया है। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस सत्ता से दूर रह ही नहीं सकती।

वहीं दूसरी ओर, झामुमो ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर दल को अपनी आवाज उठाने की आजादी है।

**************************

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख के इनामी नक्सली इसराइल पूर्ति को ढेर कर दिया है। कोबरा 209 बटालियन के सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

**************************

बोकारो ट्रेजरी घोटाला मामले में सीआईडी की एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस एएसआई अशोक भंडारी को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि भंडारी के खाते में अवैध निकासी के 50 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। वर्ष 2020 से अब तक इस घोटाले में एक करोड़ 11 लाख से अधिक की सरकारी राशि का गबन किया गया है। सीआईडी इस मामले में शामिल अन्य खातों और नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

**************************

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने अंतर–मंत्रालयी वार्ता कर स्थिति की समीक्षा की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने अब तक 2 हजार 464 नागरिकों को सुरक्षित निकाला है। इस बीच पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर हैं और आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है। घरेलू स्तर पर एलपीजी वितरण में रिकॉर्ड तेजी आई है।

***************************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ श्रावणी मेला इस वर्ष 27 जुलाई से शुरू होगा। तैयारियों को लेकर डीआईजी अंबर लकड़ा ने संथाल परगना के सभी छह जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त रणनीति बनाई गई। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

***************************

राज्य में मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है। आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, वहीं रांची में विमानों के परिचालन और यातायात पर इसका बुरा असर पड़ा है। जानकारी के अनुसार कल कोलकाता से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट को खराब मौसम के कारण डायवर्ट करना पड़ा है। वहीं, दिल्ली से आने वाले विमान भी देरी से पहुंचे।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची और आसपास के क्षेत्रों के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिन मौसम का यही रुख देखने को मिलेगा।

***************************

रांची के खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल में दो दिवसीय खेलो इंडिया अस्मिता सिटी डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर के लिए तैयार करना है। उद्घाटन के दौरान विशेष रूप से महिला मुक्केबाजों को प्रोत्साहित करने और उन्हें खेल में आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

***************************

झारखंड राज्य वुडबॉल संघ द्वारा आगामी 3 मई को रांची के श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय मैदान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय वुडबॉल चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

***************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पांच राज्यों में हुए चुनाव के एक्जिट पोल को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– तमिलनाडु–असम में दोहराव, केरल में बदलाव के आसार।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– नक्सलियों की रसद ठप, 10 किलोमीटर का घेरा, 1 करोड़ के इनामी बेसरा के पास दो ही विकल्प–सरेंडर या अंत।

प्रभात खबर ने मुख्य सचिव के हवाले से लिखा है– संविदा और मानदेय वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों को वित्तीय कार्य से अलग रखें।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जिस ऑडिट टीम ने फरवरी में दी थी क्लीनचिट उसकी एक सदस्य ने बाद में किया भंडाफोड़।

********************